विवरणी

अभिलेख उपस्थापित। अवैध/संदिग्ध जमाबन्दीदार इलियस उराँव, पिता - अकारिया उराँव को खास नोटिस निर्गत किया गया था जो अभिलेख में संलग्न है। अवैध/संदिग्ध जमाबन्दीदार के पुत्र बेलास रक्का द्वारा सुनवाई के दौरान विषयगत भूमि ग्राम काहोपानी, खाता सं० 236 प्लॉट सं० __ रकवा 1.74 ए० भूमि का वर्ष 2015-16 का लगान रसीद प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान बेलास रक्का लिखित रुप में आवेदन दिया है कि उनके पास लगान रसीद के अतिरिक्त अन्य कोई दस्तावेज नहीं है। राजस्व उप निरीक्षक/अंचल निरीक्षक से चेक लिस्ट में जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है। जो अभिलेख में संलग्न है, अवलोकन किया गया।

राजस्व उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक ने प्रतिवेदित किया हे कि पंजी ii में संदिग्ध/अवैध जमाबन्दीदार के नाम से जमाबन्दी कायम होने का आधार एवं खेसरा संख्या दर्ज नहीं है। रा०उ०नि० एवं अं०नि० ने जमाबन्दी रद् करने हेतु अनुशंसा किया है। उक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि इलियस उराँव पिता - अकारिया उराँव, ग्राम - काहोपानी के नाम से चल रही निम्नांकित जमाबन्दी संदिग्ध/अवैध जान पड़ता है :–

मौजा	थाना संख्या	खाता संख्या	खेसरा संख्या	रकबा
1	2	3	4	5
काहोपानी	71	236	–	1.74 ए०

अतः मुख्य सचिव, झारखण्ड राँची का पत्रांक 2074/रा0, दिनांक 13.05.2016 एवं राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1704/रा0 दिनांक 15.07.2020 के आलोक में बिहार (झारखण्ड) भूमि सुधार अधिनियम 1950 की धारा 4(h) के आधार पर उपरोक्त जमाबन्दी को निरस्त किया जाता है।

लेखापित

(हस्ताक्षर) 17/08/2020

अंचल अधिकारी,
बोलबा।

(हस्ताक्षर) 17/08/2020

अंचल अधिकारी,
बोलबा।

Scanned with CamScanner